# नेपा लिमिटेड में मनाया गया संविधान दिवस



**प्राईम संदेश, नेपानगर**

केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड में भारतीय संविधान दिवस मनाया गया। सीएमडी कमोडोर सौरभ देब के नेतृत्व में नेपा मिल के अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा नेपानगर स्थित संविधान निर्माता बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के स्मारक पर माल्यार्पण कर संविधान के मुख्य शिल्पकार बाबासाहेब के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई।

नेपा लिमिटेड कारखाना परिसर के मुख्य द्वार पर आयोजित कार्यक्रम में सीएमडी देब द्वारा सभी को संविधान दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की गई। भारतीय संविधान निर्माण की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुएं कहा कि भारतीय संविधान 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा द्वारा अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित किया गया था। उन्होंने डॉक्टर बाबासाहेब अंबेडकर को अपने समय से बहुत आगे का सोचकर कार्य करनेवाले दूर दृष्टा के रूप में याद करते हुएं कहा कि बाबासाहेब ने अपने समय से सैकड़ों वर्ष आगे का सोचकर भारतीय संविधान की रचना की हैं। आज अगर हम समतावादी, बहु सांस्कृतिक और विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र हैं तो इसका श्रेय संवैधानिक मूल्यों और भारत के संविधान निर्माता की व्यापक सोच को जाता हैं। जन संपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों को संविधान की उद्देशिका का वाचन कराया। इस अवसर पर मुख्य सतर्कता अधिकारी विनीत कुमार (आईआरएस), महाप्रबंधक संचालन अजय गोयल, उप महाप्रबंधक कार्य सुरेंद्र मेहता, वरिष्ठ प्रबंधक विद्युत विभाग सुमन कानफाडे, वरिष्ठ प्रबंधक कार्मिक एवं प्रशासन ज्ञानेश्वर खैरनार, प्रबंधक पावर हाउस महेंद्र केसरी, प्रबंधक श्रम कल्याण एवं संबंध किशोर महाजन, मुख्य वित्त अधिकारी सीएन वर्मा, प्रबंधक पेपर मशीन कुमार देशमुख, कंपनी सचिव पूर्णिमा पाराशर सहित बड़ी संख्या में अफसर कर्मी उपस्थित थे।

संविधान दिवस :

# संविधान निर्माता डॉ. बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



नेपानगर. रविवार को नेपा लिमिटेड में भारतीय संविधान दिवस मनाया गया। अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक सौरभ देब के नेतृत्व में अधिकारियों, कर्मचारियों ने संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के स्मारक पर माल्यार्पण कर संविधान के मुख्य शिल्पकार बाबासाहेब के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई।

नेपा लिमिटेड कारखाना परिसर के मुख्य द्वार पर आयोजित कार्यक्रम में सीएमडी देब ने कहा कि भारतीय संविधान 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा द्वारा अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित किया गया था। उन्होंने डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर को अपने समय से बहुत आगे का सोचकर कार्य करने वाले दूर दृष्टा के रूप में याद करते हुए कहा कि बाबासाहेब ने अपने समय से सैकड़ों वर्ष आगे का सोचकर भारतीय संविधान की रचना की हैं। आज अगर हम समतावादी, बहु सांस्कृतिक और विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र हैं तो इसका श्रेय संवैधानिक मूल्यों और भारत के संविधान निर्माता की व्यापक सोच को जाता है। इस दौरान मिल के जनसंपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने उपस्थित अधिकारी, कर्मचारियों को संविधान की उद्देशिका का वाचन कराया। मिल के मुख्य सतर्कता अधिकारी विनीत कुमार आईआरएस, महाप्रबंधक संचालन अजय गोयल, उप महाप्रबंधक कार्य सुरेंद्र मेहता, वरिष्ठ प्रबंधक विद्युत विभाग सुमन कानफाड़े, वरिष्ठ प्रबंधक कार्मिक व प्रशासन ज्ञानेश्वर खैरनार, प्रबंधक पावर हाउस महेंद्र केसरी, प्रबंधक श्रम कल्याण व संबंध किशोर महाजन, मुख्य वित्त अधिकारी सीएन वर्मा, प्रबंधक पेपर मशीन कुमार देशमुख, कंपनी सचिव पूर्णिमा पाराशर आदि मौजूद थे।


दैनिक भास्कर बुरहानपुर 27-11-2023

नेपा लिमिटेड में संविधान दिवस पर हुए कार्यक्रम में नेपा लिमिटेड के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक ने कहा-

# बाबा साहब आंबेडकर ने सैकड़ों साल आगे की सोच रखकर संविधान की रचना की

भास्कर संवाददाता | नेपानगर

संविधान निर्माता डॉ. बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर ने अपने समय से सैकड़ों साल आगे की सोच रखकर भारतीय संविधान की रचना की है। यह बात अखबारी कागज मिल नेपा लिमिटेड नेपानगर के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक सौरभ देव ने रविवार को संविधान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में कही। उन्होंने मिल के अफसर, कर्मचारियों के साथ बाबा साहेब की आंबेडकर चौराहा स्थित प्रतिमा पर पहुंचकर माल्यार्पण किया।



अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

रविवार को केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड में भारतीय संविधान दिवस मनाया गया। अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक सौरभ देव के नेतृत्व में नेपा मिल के अधिकारियों, कर्मचारियों ने नेपानगर स्थित संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के स्मारक पर माल्यार्पण कर संविधान के मुख्य शिल्पकार बाबासाहेब के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई। नेपा लिमिटेड कारखाना परिसर के मुख्य द्वार पर आयोजित कार्यक्रम में सीएमडी देव ने सभी को संविधान दिवस की शुभकामनाएं दी। भारतीय संविधान निर्माण की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय संविधान 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा द्वारा अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित किया गया था। उन्होंने डॉ. आंबेडकर को अपने समय से बहुत आगे का सोचकर कार्य करने वाले दूर दृष्टा के रूप में याद करते हुए कहा कि बाबा साहेब ने अपने समय से सैकड़ों वर्ष आगे का सोचकर भारतीय संविधान की रचना की हैं। आज अगर हम समतावादी, बहु सांस्कृतिक और विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र हैं, तो इसका श्रेय संवैधानिक मूल्यों और भारत के संविधान निर्माता की व्यापक सोच को जाता हैं।

## संविधान की उद्देशिका का हुआ वाचन

इस दौरान मिल के जनसंपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने उपस्थित अधिकारी, कर्मचारियों को संविधान की उद्देशिका का वाचन कराया। मिल के मुख्य सतर्कता अधिकारी विनीत कुमार आईआरएस, महाप्रबंधक संचालन अजय गोयल, उप महाप्रबंधक कार्य सुरेंद्र मेहता, वरिष्ठ प्रबंधक विद्युत विभाग सुमन कानफाड़े, वरिष्ठ प्रबंधक कार्मिक व प्रशासन ज्ञानेश्वर खैरनार, प्रबंधक पावर हाउस महेंद्र केसरी, प्रबंधक श्रम कल्याण व संबंध किशोर महाजन, मुख्य वित्त अधिकारी सीएन वर्मा, प्रबंधक पेपर मशीन कुमार देशमुख, कंपनी सचिव पूर्णिमा पाराशर मौजूद थे।

# नेपा लिमिटेड में मनाया गया संविधान दिवस





**नेपानगर( निमाड़ की धड़कन,रविंद्र इंगले )** केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड में भारतीय संविधान दिवस मनाया गया। सीएमडी कमोडोर सौरभ देब के नेतृत्व में नेपा मिल के अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा नेपानगर स्थित संविधान निर्माता बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के स्मारक पर माल्यार्पण कर संविधान के मुख्य शिल्पकार बाबासाहेब के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई। नेपा लिमिटेड कारखाना परिसर के मुख्य द्वार पर आयोजित कार्यक्रम में सीएमडी देब द्वारा सभी को संविधान दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की गई। भारतीय संविधान निर्माण की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुएं कहा कि भारतीय संविधान 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा द्वारा अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित किया गया था। उन्होंने डॉक्टर बाबासाहेब अंबेडकर को अपने समय से बहुत आगे का सोचकर कार्य करनेवाले दूर दृष्टा के रूप में याद करते हुएं कहा कि बाबासाहेब ने अपने समय से सैकड़ों वर्ष आगे का सोचकर भारतीय संविधान की रचना की हैं। आज अगर हम समतावादी, बहु सांस्कृतिक और विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र हैं तो इसका श्रेय संवैधानिक मूल्यों और भारत के संविधान निर्माता की व्यापक सोच को जाता हैं। जन संपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों को संविधान की उद्देशिका का वाचन कराया। इस अवसर पर मुख्य सतर्कता अधिकारी विनीत कुमार (आईआरएस), महाप्रबंधक संचालन अजय गोयल, उप महाप्रबंधक कार्य सुरेंद्र मेहता, वरिष्ठ प्रबंधक विद्युत विभाग सुमन कानफाडे, वरिष्ठ प्रबंधक कार्मिक एवं प्रशासन ज्ञानेश्वर खैरनार, प्रबंधक पावर हाउस महेंद्र केसरी, प्रबंधक श्रम कल्याण एवं संबंध किशोर महाजन, मुख्य वित्त अधिकारी सीएन वर्मा, प्रबंधक पेपर मशीन कुमार देशमुख, कंपनी सचिव पूर्णिमा पाराशर सहित बड़ी संख्या में अफसर कर्मी उपस्थित थे।